भोले तू सबसे प्यारा | By Nishu Sufi

शम्भू शिव शंकर शम्भू, शम्भू शंकरा
शम्भू शिव शंकर शम्भू, शम्भू शंकरा

मैं जानता हूँ भोले तू सबका प्यारा है
यो सावन का महीना भोले सबसे न्यारा है
कैलाश पति तू शंकर तू डमरूवाला रे
तीन लोक में नाम का तेरे है उजियाला रे
मैं जानता हूँ भोले तू सबका प्यारा है
यो सावन का महीना भोले सबसे न्यारा है

तू ख़ास है भोले मेरा, मैं तेरा दीवाना रे
मैं अपना सबकुछ वार दू भोले चरणों में तेरे
देवो का देव है शंकर भक्तो का दुलारा रे
मस्ती में तेरी मैं भूला सारा ज़माना रे
तीन लोक में नाम का तेरे है जयकारा रे
यो सावन का महीना भोले सबसे न्यारा है

मेरी सुबह भी तू मेरी शाम भी तू मेरी धड़कन रे
मुझे अपना दास बना ले तू बसा है नस नस में
तू हाथ थाम ले भोले घनी दूर से आया रे
मैं छोड़ के दुनियादारी तेरे दर पर आया रे
तेरी जटा से बहती गंगा की ये धारा रे
यो सावन का महीना भोले सबसे न्यारा है

कोई जाता है कैलाश पे शम्भू कोई केदार पे रे
मुझको भी बुला ले बाबा तू अपने धाम पे रे
यो शायर अंकित हार के आया तेरे दर पे रे
निशु ने है गाया भोले तेरा तराना रे
मुझे लगता है जन्मो का नाता हमारा है
यो सावन का महीना भोले सबसे न्यारा है
मैं जानता हूँ भोले ....

शम्भू शिव शंकर शम्भू, शम्भू शंकरा
शम्भू शिव शंकर शम्भू, शम्भू शंकरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-nishu-sufi/